**जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 17.01.2025 को आयोजित जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त ग्रामीण घरों को वर्ष 2024 तक पाइप पेयजल योजना के माध्यम से क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डल में जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्षों तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को जनपद मुरादाबाद हेतु सूचीबद्ध किया गया है। उक्त फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जिलाधिकारी, मुरादाबाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
2. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मुरादाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद।
6. जिला सूचना अधिकारी, मुरादाबाद।
7. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
8. श्री राजेश पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0।
9. श्री गोवर्धन जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस प्रा0लि0।
10. श्री शेषमणि पाण्डेय, टी0एल0, टी0पी0आई0।
11. श्री रमन यादव, डिस्ट्रिक्ट कोर्डीनेटर, डी0पी0एम0यू0।

**बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है :–**

1. जल जीवन मिशन फेस–2

i. जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर से फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी चाहीं गयी, तत्क्रम प्रोजेक्ट मेनेजर श्री राजेश पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूप वोरिंग के कार्य पूर्ण है, 13 नग पम्प हाउस, 11 नग उच्च जलाशय के कार्य शेष है, जिनमें कार्य प्रगति पर है जिनको शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजनाओं में नलकूप वोरिंग एवं पम्प हाउस के कार्य पूर्ण है, ऐसी पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। जिससे आमजनमानस को पेयजल योजना से लाभान्वित किया जा सके।

ii जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–2 के कवर एग्रीमेन्ट वार समीक्षा दौरान पाया गया कि कुछ योजनाओ में उच्च जलाशयों की प्रगति मात्र 0–15 प्रतिशत है। जैसे कुकरझुण्डी में उच्च जलाशय की प्रगति मात्र 15 प्रतिशत है। तत्क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाहीं गयी कि, योजना के कार्य क्यो नहीं हो पा रहे है। उक्त के क्रम में फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि, योजना के जलकल परिसर के पीछे ग्राम के किसान की भूमि है, जलकल परिसर की भूमि में सम्बन्धित किसान द्वारा रास्ते की मांग की जा रही है, उक्त भूमि में से यदि किसान को रास्ते की भूमि दी जाये तो उच्च जलाशय के निर्माण हेतु भूमि पर्याप्त नहीं रहेगी। उक्त के अतिरिक्त फर्म प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रस्तुत विलों का एस0डब्ल्यू0एस0एम0 से भुगतान न होने के कारण एवं धनराशि के अभाव में वर्तमान में कार्यो की प्रगति धीमी है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि कुछ समय वाद जैसे ही धनराशि उपलब्ध होगी, फर्म का भुगतान शासन द्वारा करा दिया जायेगा। अतः कार्यो की निरन्तर प्रगति वनाये रखे जिससे की सी0एम0 डैशबोर्ड पर जिले की रैकिंग प्रभावित न हो।

2. जल जीवन मिशन फेस–3

i जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मेनेजर से कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी कि जिसके क्रम में फर्म प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रस्तुत विलों का एस0डब्ल्यू0एस0एम0 से भुगतान न होने के कारण फर्म वैण्डरों का भुगतान नहीं कर पा रही है, जिस कारण वर्तमान में कार्य आंशिक रूप वन्द है एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 एन0के0जी0 की समस्त पेयजल योजनाओं पर कार्य पूर्ण रूप वन्द है जिस कारण वर्तमान में कार्यो की प्रगति नगण्य है, यह भी अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 के साथ पूर्व से फण्ड की समस्या है, फर्म द्वारा समय से वैण्डरों का भुगतान नहीं किया गया है एवं वैण्डरो को पोस्ट डेटिंड चैक दिये जाते है जोकि वाउन्स हो जाते है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त रोष व्यक्त करतें हुये फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया है फर्म के जनरल मैनेजर से वार्ता कर योजनाओं के कार्य पुनः प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

ii जिलाधिकारी महोदय द्वारा फेस–3 हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर से जानकारी चाही गयी कि आप लोगो को वेतन ससमय प्राप्त हो रहा है या वेतन प्राप्त होने में कोई परेशानी हो रही है। जिसके क्रम में फर्म प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि महोदय विगत 3 माह से कर्मचारियों को कोई वेतन नहीं मिल रहा है।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा के दौरान दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर फोकस प्रोजेक्टों की सूची बनाकर उपलब्ध करायें, जिन योजनाओं के कार्य लगभग पूर्ण हो गये है, ऐसी योजनाओं को उक्त सूची में से पृथक करे। जिससे ऐसी योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुये अलग से समीक्षा की जा सके।

4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा के दौरान दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी गयी कि योजनाओं के विद्युत संयोजन से सम्बन्धित समस्या के क्रम अवगत करायें, तत्क्रम में मै0 एल0सी0 इन्फ्रा के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि, 4 नग योजनाओं में विद्युत संयोजन की समस्या है, विद्युत विभाग द्वारा विद्युत संयोजन हेतु जो खम्बे लगाये गये है, वह जलकल परिसर से 70 से 80 मी0 दूरी पर लगा दिये गये है, खम्बे से जलकल परिसर तक केवल लगाना काफी मंहगा पड़ रहा है। जिसके क्रम में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मुरादाबाद द्वारा 40 मी0 विद्युत केवल देने पर सहमति दी गयी है तथा शेष केवल पर होने वाले व्यय को फर्म द्वारा वहन किया जाना है। जिसे पर फर्म द्वारा सहमति दी गयी है। अतः जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मुरादाबाद को निर्देशित किया गया कि फर्म के साथ आपसी सहमति बनाते हुये उपरोक्त समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिये जायें। जिससे योजनाओं सें पेयजल आपूर्ति सुचारू की जा सकें।

5. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समीक्षा के दौरान दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर से जानकारी चाही गयी कि योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना की वर्तमान प्रगति से अवगत करायें जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त योजनाओं कार्य पूर्ण रूप से बन्द है जिस जिलाधिकरी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये दोनो फर्मो को निर्देशित किया गया कि जिन पइप पेयजल योजनाआं में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, ऐसी समस्त योजनाओं की सड़को को गुणवत्ता पूर्वक पूर्व की भांति मानकानुसार पुर्नस्थापित करना सुनिश्चित करे।

वैठक के अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद एवं दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मेनेजर को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के वर्तमान तक जो भी कार्य कराये गये है, उसकी निरन्तर मॉनीटरिंग करते रहे, कही ऐसा न हो कि कार्य वन्द होने के कारण पूर्व में कराये गये निर्माण कार्य क्षतिग्रस्त न हो जाये तथा जिन पेयजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति हो रही है उन सभी योजनाओं में निर्धारित समय पर क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति होती रहे, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि एस0डब्ल्यू0एस0एम0 से भुगतान होने की दशा में प्राथमिकता के आधार पर समस्त पेयजल योजनाओं के कार्य प्रारम्भ कराते हुये पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, DWSM
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मुरादाबाद।

पृ0सं0 152/ बैठक /06 दिनांक :- 27/1/25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
5. जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद
6. वेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, मुरादाबाद
8. मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, ए–129, फेस–1 अशियाना, डा0 रूबी चुग हॉस्पिटल के पास, मुरादाबाद।
9. परियोजना हेड/निदेशक, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 मकान नं0 10/273 सैक्टर–10 फेस–2, एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार, मुरादाबाद–244001।
10. परियोजना प्रवन्धक, एजेन्सी मैसर्स आर0वी0 ऐसोसिएटस, आर्किटेक्ट, इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्स प्रा0लि0, टी0पी0आई0, मुरादाबाद क्लस्टर–14 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. डी0पी0एम0यू0 कार्यालय, मानसरोवर कालोनी, मुरादाबाद।

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, DWSM
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मुरादाबाद।